# राज्य स्तरीय आकलन

| FA | 2 |
|---|---|

## सत्र 2019–20

## सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा: 6 विषयः संस्कृत

PAPER CODE: 6053 पूर्णांकः 10

**निर्देश– खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।**

**खण्ड – 'अ'** (अंक 05)

**LO – LS-610 -** विभिन्न विधाओं में लिखी गई साहित्यिक सामग्री को उपयुक्त उतार चढ़ाव के साथ पढ़ लिख पाते हैं।

**गतिविधि 1. बोलो, बोलो नाम तो बोलो !**

कक्षा को समूहों में बाँटने के लिए इस गतिविधि का उपयोग किया जा सकता हैं। श्यामपट पर इस प्रकार का खंड बनाएँ

| पशु | पक्षी | पुष्प | फल | नदी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

कक्षा में प्रत्येक छात्र बारी–बारी से एक पशु–पक्षी, पुष्प, फल या नदी का नाम बोलेगें, पाँच छात्रों की बारी पूरी हो जाए तो पुनः पशु का नाम पक्षी का नाम इस तरह से दोहराया जाएगा। इस प्रकार प्रत्येक समूह में कुछ छात्र एकत्रित होंगे, सभी नाम संस्कृत में लिए जायेंगे और उन्हें श्यामपट पर लिखा जाएगा। छात्रों को यह याद रखना होगा कि उसने किसका नाम बताया है। जब सभी छात्रों की बारी पूरी हो जाए, तो समूहों से एक चार्ट पेपर पर सभी नामों के चित्र बनाकर उसमें रंग भरवायें तथा प्रत्येक नाम को संस्कृत में लिखकर कक्षा के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

**गतिविधि 2. श्लोक वाचन**

अध्यापक द्वारा कार्य – श्लोक संग्रहित एवं गीता पाठ

कक्षा में सारे छात्र छात्राओं से श्लोक वाचन करवाने के लिए सभी छात्रों को गीता पाठ करने को कहें या श्लोक संग्रहित करके आने को कहें। फिर उसी में से श्लोक प्रतियोगिता सस्वर करवाएं। क्रमशः एक–एक छात्र श्लोक वाचन करेंगे। जिस छात्र का श्लोक उच्चारण एवं हावभाव सही हो, वही प्रतिभागी विजयी माना जाएगा। इस खेल से सारे छात्रों को प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**गतिविधि 3. बिल्लस खेल**

अध्यापक द्वारा विभक्ति अनुसार चक्र निर्माण किये जायेंगे। कक्षा में छात्रों को दस–दस का समूह बनाकर खड़ा करेंगे। चक्र से तीन कदम दूर एक लकीर बनाऐगें। उस पर खड़े होकर छात्रों को पत्थर का टुकड़ा फेंकने के लिए कहेंगे। पत्थर वृत्त के जिस स्थान पर या शब्द पर आयेगा, छात्र उसका सही उच्चारण करेंगे। उस समूह को अङ्क प्रदान किये जायेंगे।




| समूह | A | B | C | D | E | F |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अङ्क | | | | | | |
| योग | | | | | | |

खण्ड – 'ब' (अंक 05)

**LO – LS-613 -** विभिन्न विषयों उद्देश्यों में लिए उचित व्याकरणिक तत्वों का उपयोग करते हैं।

## गतिविधि 4. तद्भव– तत्सम् शब्द खोज

अध्यापक पहले से ही श्यामपट पर तद्भव एवं तत्सम शब्दों की सूची बनाकर रखेंगे।

अध्यापक बच्चों को चार समूह बनाकर कक्षा में बैठाएंगे तथा श्यामपट पर लिखे हुए तद्भव तत्सम शब्दों का अन्वेषण करवाएंगे। श्यामपट पर तद्भव एवं तत्सम शब्दों को छाँटकर समूहों में रखेंगे। इस प्रकार कक्षा के दो समूहों में प्रतियोगिता करवायी जा सकती है।

## गतिविधि 5. भूमिका अभिनय

संस्कृत भाषा द्वारा लघुवार्तालाप् अथवा संवाद पर आधारित रोलप्ले करवाएगें, जिसमें छात्रों को नाम के आधार पर भूमिका अभिनय दे दिया जाएगा। जिस छात्र को जो भूमिका मिली हो, वह उस संवाद का सही उच्चारण करेगा। हावभाव, अभिनय, आत्मविश्वास के आधार पर अध्यापक अङ्क प्रदान करेंगे।

| क्र. | विद्यार्थी का नाम | उच्चारण की शुद्धता | हावभाव | अभिनय | आत्म विश्वास | सहभागिता | कुल प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

## गतिविधि 6. संस्कृत वृक्ष

अध्यापक विभक्ति, धातुरूप, के शब्दों का वृक्ष निर्माण करेंगे। सभी छात्रों में से क्रमशः एक–एक छात्र को उठाकर उस वृक्ष में से एक विभक्ति या धातु रूप का वाचन करने को कहा जायेगा। जैसे ही वह छात्र उस विभक्ति या धातु रूप का वाचन करेगा, सारे बच्चे अपने पाठ्य पुस्तक में उस विभक्ति या धातु रूप के वाक्यों को खोजेंगे तथा उस वाक्य को कहेंगे। ऐसे ही एक–एक छात्र उठकर विभक्ति या धातुरूप शब्द को कहेंगे और कक्षा के छात्र अपने पाठ्य पुस्तक में उन्हें खोजेंगे। यह गतिविधि छोटे–छोटे समूहों में भी किये जा सकते हैं।